कार्यालय पंजीयक शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ, राजस्थान, बीकानेर

क्रमांक– शिविरा/प्राशि/पविप/गोप/864/2020 दिनांकः–31.05.2021

कार्यालय आदेश

प्रारंभिक शिक्षा शास्त्र द्विवर्षीय डिप्लोमा द्वितीय वर्ष परीक्षा 2020 का परीक्षा परिणाम कार्यालय हाजा के द्वारा दिनांक 28.05.2021 को जारी किया जा चुका था, उक्त परीक्षा परिणाम पश्चात् इच्छुक छात्राध्यापक अंकानुसंधान के लिए शाला दर्पण पोर्टल पर अपनी लॉगिन आई.डी. व पासवर्ड के माध्यम से दिनांक 8 जून 2021 से 7 जुलाई 2021 तक आवेदन कर सकते है जिसका निर्धारित शुल्क प्रति विषय 75 रू रहेगा। छात्राध्यापक अंकानुसंधान शुल्क संस्था/संस्थान को जमा करवाऐ तथा संस्थान/संस्था द्वारा दिनांक 9 जुलाई 2021 तक छात्राध्यापक के आवेदन पत्र ऑनलाइन सत्यापित कर अग्रेषित करें। तथा नामावली व शुल्क की राशि को एक ही डी. डी. बनाकर सम्बन्धित डाईट में जमा करवाऐ। प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान कार्यालय हाजा को उक्त सूची व डी.डी दिनांक 13 जुलाई, 2021 तक भिजवाना सुनिश्चित करें।

इसके अलावा यदि किसी छात्राध्यापक के नाम, पिता का नाम, माता के नाम इत्यादि में कोई वर्तनी त्रुटि है तो पूर्व की भांति वे दिनांकः 15.06.2021 तक अपने लॉगिन आई.डी व पासवर्ड के जरिये सम्बन्धित दस्तावेज को अपलोड कर आवेदन कर सकते है। तथा सम्बन्धित संस्था/संस्थान द्वारा इन सभी प्रकरणों को भी ऑनलाइन सत्यापित किया जायेगा। पूर्व में सुधार हेतु जिन्होंने आवेदन कर दिया है और संस्था/संस्थान द्वारा सत्यापित कर कार्यालय हाजा को अग्रेषित कर दिया है, उन्हें दुबारा आवेदन करने की आवश्यकता नहीं है।

द्वितीय वर्ष के वे छात्राध्यापक जिनका परीक्षा परिणाम रोका गया है या किसी कारण वश प्रदर्शित नहीं हो रहा, उनका परीक्षा परिणाम शीघ्र ही घोषित कर दिया जायेगा।

(पालाराम मेवता)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

प्रतिलिपिः– निम्नांकितो को आवश्यक कार्यवाही एंव सूचनार्थ।

01. प्राचार्य, जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान, राजस्थान, समस्त को देकर लेख है कि अपने जिले के अधीन निजी/सरकारी डी.एल.एड. शिक्षण संस्थानों को इस सम्बन्ध में अवगत कराऐ।
02. रक्षित पत्रावली।

(पालाराम मेवता)
पंजीयक
शिक्षा विभागीय परीक्षाएँ
राजस्थान, बीकानेर

Scanned by CamScanner